संख्या–3193 / 79--6--2008

प्रेषक,

अतुल कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक, (बे0)
उ0प्र0, लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊः दिनांकः 18 जून,2009

विषयः–ग्रीन लैण्ड पब्लिक स्कूल, 3 विजयन्तखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को कक्षा–नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक–शि0नि0(बे0) / अं0मा0 / 28053 / 2008–09 दिनांक 18.12.08 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

2– इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त ग्रीन लैण्ड पब्लिक स्कूल, 3 विजयन्तखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को कक्षा–नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता शासनादेश संख्या–2926 / 15–6–95–18(20) / 91 दिनांक 14–12–1995 में निहित मानकों / शर्तों के अधीन एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

3– प्रश्नगत अस्थायी मान्यता प्राप्त करने के उपरान्त संस्था प्रबंधक का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह पांच वर्ष के भीतर विद्यालय में उन मूलभूत शर्तों / मानकों को पूर्ण कर लिया जायेगा, जोकि शासनादेश दिनांक–14.12.1995 में स्थायी मान्यता हेतु प्राविधानित है।

4– अस्थायी मान्यता इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि संस्था प्रबंधक द्वारा मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के कम में विद्यालय भवन हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड एवं अग्निशमन हेतु अग्नि सुरक्षा यंत्र के मानक दो माह में सुनिश्चित किए जायेंगे तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी का अनापत्ति प्रमाणपत्र एवं विकास प्राधिकरण का अनापत्ति प्रमाणपत्र अधिकतम् 03 माह में निदेशक के माध्यम से राज्य सरकार को प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,

(अतुल कुमार)
विशेष सचिव ।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, लखनऊ मण्डल लखनऊ।
2– सचिव,उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद।
3– निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ0प्र0 58 जगत नारायण रोड, लखनऊ।
4– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ ।
5– प्रबन्धक, ग्रीन लैण्ड पब्लिक स्कूल, 3 विजयन्तखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ ।
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अतुल कुमार)
विशेष सचिव।

PRINCIPAL
GREEN LAND PUBLIC SCHOOL
LUCKNOW

Manager
Greenland Public School
Lucknow